# सिहोरा एवं भापेल में आयोजित हुआ विशेष जन सुरक्षा शिविर



**सागर दिनकर**

सागर। सागर जिले के राहतगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिहोरा एवं भापेल में भारत सरकार के वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत विशेष जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल क्षेत्रीय निदेशक सुश्री रेखा चंदनावेली के साथ भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक संजय सेजकर, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सागर के क्षेत्रीय प्रबंधक कुंदन कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक सी. पी. सिंह, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक दमोह से क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र तिवारी, अन्य बैंक प्रबंधक चंदन कुमार (सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया), पुष्पेंद्र (मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक) एवं अंकुर सराफ (पंजाब एंड सिंड बैंक) ,इसके अतिरिक्त, सिहोरा में बैंक ऑफ बड़ौदा, भापेल शाखा के प्रबंधक मनीष जैन, सागर मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक आशीष घोटंकर, गुजराती बाजार शाखा के मुख्य प्रबंधक गौरव कुमार बंसल, प्रबंधक हेमन्त पटेल, एवं अधिकारी ओम प्रकाश पटेल ने भी विशेष रूप से इस कार्यक्रम में भाग लिया। ग्राम पंचायत सिहोरा के सरपंच उदय सिंह लोधी एवं ग्राम पंचायत भापेल के उपसरपंच राघवेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सुश्री रेखा चंदनावेली ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए भारत सरकार की विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत 10 वर्षों से सक्रिय खाता धारकों को की महत्ता पर बल दिया ताकि उनके खाते सुरक्षित एवं प्रचलित बनाए रखे जा सकें। साथ ही, उन्होंने ग्रामीण नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल के सहायक महाप्रबंधक संजय सेजकर ने समझाया और बताया कि खातों की सुरक्षा एवं अद्यतन जानकारी वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के लिए बेहद आवश्यक है।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सागर के क्षेत्रीय प्रबंधक कुंदन कुमार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का विस्तारपूर्वक परिचय दिया। उन्होंने कहा कि बचत, निवेश, ऋण, बीमा, बजटिंग और समय पर लोन वापसी की जानकारी ग्रामीण जन तक पहुंचाना अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

एलडीएम सागर चेतेंद्र सिंह ने बताया कि सागर जिले में लगभग प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी है, जिससे यह जिला मध्य प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो चुका है। उन्होंने आश्वस्त किया कि तीन माह के इस अभियान को पूरे जोश और सफलता के साथ जारी रखा जा रहा है, ताकि हर ग्रामीण तक वित्तीय समावेशन का लाभ पहुंच सके।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल रही है और उनके वित्तीय मामलों में जागरूकता आई है। उन्होंने केवाईसी कराने में रुचि व्यक्त की और कार्यक्रम का आयोजन करने वाले सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। यह अभियान ग्रामीण जन को वित्तीय प्रणाली से जोड़ने एवं उनकी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।